**पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय की रणनीति रंग लाई, पांच माह में 423 चाकू जब्त, संवेदनशील इलाकों में बढ़ी निगरानी और पैदल पेट्रोलिंग**

# चाकूबाजों पर लगाम, 17 प्रतिशत घटीं खूनी वारदातें

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में बढ़ती चाकूबाजी और हिंसात्मक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जबलपुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान अब परिणाम देने लगा है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के नेतृत्व में जिलेभर में आदतन अपराधियों, असामाजिक तत्वों और अवैध हथियार लेकर घूमने वालों के खिलाफ लगातार की गई सख्त कार्रवाई के चलते चाकू से होने वाले अपराधों में 17 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पुलिस की इस सक्रियता से अपराधियों में खौफ और आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। पुलिस से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 23 मई 2025 तक जिले में चाकू के इस्तेमाल से जुड़ी 241 घटनाएं सामने आई थीं, जबकि वर्ष 2026 की समान अवधि में यह संख्या घटकर 201 रह गई। लगातार निगरानी, त्वरित धरपकड़ और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को इस कमी की प्रमुख वजह माना जा रहा है।



### अपराधियों की कुंडली तैयार, विशेष टीमों को मिला जिम्मा

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों की थानावार समीक्षा कर ऐसे इलाकों और अपराधियों को चिन्हित कराया, जहां पूर्व में चाकूबाजी, मारपीट और हिंसात्मक गतिविधियां अधिक सामने आई थीं। समीक्षा के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि कई घटनाओं में परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और दोस्त ही आपसी विवाद में एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर रहे हैं। वहीं जेल से जमानत पर छूटे कुछ अपराधियों द्वारा दोबारा अपराध करने की प्रवृत्ति भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा तथा एएसपी यातायात अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में विशेष निगरानी टीमें गठित की गईं। नगर पुलिस अधीक्षकों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखें।

### सड़कों पर बढ़ी पुलिस की मौजूदगी, अपराधियों में दहशत

निर्देशों के पालन में शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार पैदल पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग और रात्रिकालीन भ्रमण बढ़ाया गया है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, शराब दुकान क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा देर रात तक अभियान चलाकर अवैध हथियार लेकर घूमने वालों को पकड़ा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कई मामलों में केवल पुलिस की बढ़ी हुई सक्रियता और लगातार दबिश के कारण अपराधी क्षेत्र छोड़ने को मजबूर हुए हैं। वहीं आदतन बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें लगातार थाने बुलाकर निगरानी में रखा जा रहा है।

### पांच माह में 423 चाकू जब्त

जबलपुर पुलिस का अभियान केवल कागजों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कार्रवाई के आंकड़े भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। वर्ष 2025 की समान अवधि में जहां 418 चाकू जब्त किए गए थे, वहीं वर्ष 2026 में अब तक 423 चाकू बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि बड़ी संख्या में अवैध हथियार जब्त होने से संभावित वारदातों को समय रहते रोका जा सका। पुलिस का फोकस विशेष रूप से उन युवकों पर है जो छोटी-छोटी बातों पर धारदार हथियार लेकर सड़कों पर घूमते पाए जाते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ न केवल आर्म्स एक्ट बल्कि प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जा रही है।

### आमजन से मांगा सहयोग

कप्तान उपाध्याय ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास अवैध हथियार होने, संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 0761-2676102, 2676100 अथवा डायल-112 पर सूचना दें। पुलिस का कहना है कि अपराध पर नियंत्रण केवल पुलिस कार्रवाई से नहीं बल्कि जनसहयोग से भी संभव है।

### लगातार जारी रहेगा अभियान

जबलपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चाकूबाजी और हिंसात्मक अपराधों के खिलाफ यह अभियान आगे भी और अधिक सख्ती से जारी रहेगा। थाना स्तर पर अपराधियों की निगरानी, हिस्ट्रीशीटरों की जांच और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का दावा है कि आने वाले समय में इस अभियान के और बेहतर परिणाम सामने आएंगे।



## देवजी नेत्रालय में सक्षम की राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला का समापन

**जबलपुर।** दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र संस्थान देवजी नेत्रालय में आयोजित सक्षम की राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला का समापन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में दृष्टिबाधितों के शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन वक्ताओं शिवशंकर कपूर, कमल वर्मा, वनमाला राय, प्रमिला चतुर्वेदी, अजय कार्तिक, ओमप्रकाश, सतेंद्र एवं सुनील जैन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्रेल लिपि, सामाजिक विकास, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में दृष्टिबाधितों की संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दैनिक भास्कर के प्रबंध संचालक कैलाश अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक नीरज सिंह एवं दैनिक भास्कर के संपादक मनीष गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाल सिंह पवार ने कहा कि यह कार्यशाला दृष्टिबाधितों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन महाकौशल प्रांत के सचिव पीयूष जैन ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीपक बहरानी, डॉ. अंकित सेठ, प्रभात चतुर्वेदी, डॉ. अमित रिछारिया, डॉ. विजय प्रताप सिंह, डॉ. सिद्धार्थ ओसवाल, डॉ. मयंक जैन, अनुपमा स्थापक, डॉ. सोनिया टंडन सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**बालाघाट राईस मिलों में पकड़ा गया था यह गोरख धंधा**

## जबलपुर व अन्य जिलों में बेचा जा रहा कृत्रिम सुगंधित चावल

**जबलपुर।** कृत्रिम रूप से सुगंधित बनाया गया चावल बालाघाट से आयात कर उसे प्रदेश के जबलपुर सहित अनेक जिलों में बेचा जा रहा है। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत तत्काल कार्यवाही करे, यह पत्र आज डॉ. पीजी नाजपांडे ने आयुक्त, खाद्य सुरक्षा भोपाल, कलेक्टर जबलपुर एवं बालाघाट को भेजा है। सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### बालाघाट में छापे से सच्चाई आई सामने

अप्रेल माह में कलेक्टर बालाघाट के आदेशानुसार जब बालाघाट जिले की अनेक राइस मिलों में औचक निरीक्षण किया गया तब सच्चाई सामने आई कि चावल को सुगंधित करने हेतु उपयोग में लाये गए केमिकल की बॉटल पाई गई। जांच दल ने काली मूंछ नामक सुगंधित चावल और एसेंस के नमूने लिए, साथ ही एडेड फ्लेवर को उल्लेख की गई बोरियों को जब्त किया। नमूनों को भोपाल के राज्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।



### परमिसिबल एसेंस

खाद्य सुरक्षा नियम 2011 में खाद्य पदार्थों में मिलाने हेतु परमिसिबल एसेंस का उल्लेख है, उनके केमिकल तथा मात्रा के अतिरिक्त कोई भी केमिकल अन्य केमिकल लीवर तथा किडनी को नुकसान पहुंचाते हैं, इसी कारण ऐसे नकली चावल की तत्काल जांच होना जरूरी है। बैठक में रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, मनीष शर्मा, सुशीला कनौजिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक जगदीश मंदिर परिसर बना अवैध पार्किंग स्थल, प्रबंधन ने जताई आपत्ति

**जबलपुर।** संस्कारधानी के अति प्राचीन जगदीश मंदिर, गढ़ाफाटक परिसर में अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग को लेकर विवाद सामने आया है। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि बिना प्रबंध न्यासी की अनुमति के परिसर में कार, ऑटो, टेम्पो, ट्रैक्टर, ई-रिक्शा सहित विभिन्न वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हो रही है।

श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोकन्यास के प्रबंधक अधिवक्ता लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल द्वारा इस संबंध में थाना प्रभारी लार्डगंज एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वाहन पार्किंग की आड़ में कुछ असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है। मंदिर प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि मंदिर परिसर आस्था, अर्चना और शांति का स्थान है, इसलिए यहां वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग उचित नहीं है। प्रबंधन ने सभी वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे अपने वाहन घरों में ही पार्क करें। यदि किसी को परिसर में वाहन रखना आवश्यक हो तो प्रबंध न्यासी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि नियमों का पालन न करने की स्थिति में संबंधित वाहन स्वामियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी तथा वाहनों को परिसर से हटाया जाएगा।

## आवासीय मद भूमि का व्यावसायिक उपयोग पाये जाने पर माढ़ोताल स्थित सुकून होटल बी-एन्ड-बी सील

**जबलपुर।** आवासीय मद की भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने तथा होटल संचालन संबंधी अनुमति और फायर एनओसी नहीं पाये जाने पर प्रशासन की कार्यवाही में माढ़ोताल स्थित सुकून होटल बी एन्ड बी को सील कर दिया गया है। नायब तहसीलदार आधारताल राजेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर निगम, फूड सेफ्टी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने सुकून होटल बी एन्ड बी का निरीक्षण कर यह कार्यवाही की।

एसडीएम आधारताल पंकज मिश्रा के अनुसार निरीक्षण करने गई टीम ने पाया कि माढ़ोताल खसरा नंबर 51/2/5 की जिस 6 हजार 570 वर्गफुट भूमि पर सुकून होटल बी एन्ड बी संचालित है, वह गौतम हिरानी, आशा देवी हिरानी और गोविन्द हिरानी (प्रत्येक का हिस्सा 2 हजार 190 वर्गफुट) के नाम भूमि स्वामी हक में दर्ज है। इस भूमि पर मकान निर्मित है तथा अभिलेख में आवासीय मद में व्यपवर्तित है, जबकि इसका उपयोग व्यावसायिक रूप में किया जा रहा है। इस भूमि को विवेक त्रिपाठी द्वारा किराए पर लेकर होटल संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद होटल के मैनेजर सुशील बिरहा द्वारा वर्तमान उपयोग के अनुरूप कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये। होटल संचालन सबंधी अनुमति पत्र तथा फायर एवं अन्य दस्तावेज भी नहीं प्रस्तुत किये जा सके। मौका स्थल पर किराए का अनुबंध भी प्रदर्शित नहीं किया गया था। एसडीएम आधारताल के मुताबिक सुकून होटल बी एन्ड बी में सुरक्षा मानकों उपयोग नहीं किया जा रहा था। अग्निशमन यंत्र भी निरीक्षण के दौरान नहीं पाये गये। आपतकालीन निकासी की व्यवस्था भी इस होटल में नहीं थी।



गंगाजल संवर्धन अभियान के तहत संग्राम सागर में किया श्रमदान

## तालाब के किनारे बनेगा फूड जोन : राकेश सिंह



**जबलपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक संग्राम सागर तालाब परिसर में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में हुए इस अभियान में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरवासियों ने भाग लेकर तालाब परिसर की सफाई की। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया गया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि संग्राम सागर क्षेत्र को पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विरासत भी और विकास भी" के मंत्र के अनुरूप इस क्षेत्र के विकास की योजना तैयार की गई है। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि संग्राम सागर के सामने वाले हिस्से को आधुनिक स्वरूप देने की कार्ययोजना पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि इंदौर की प्रसिद्ध 56 दुकान की तर्ज पर यहां आधुनिक फूड जोन विकसित किया जाएगा। इस परिसर को रानी दुर्गावती की स्मृति से जोड़ने के लिए रानी की गली या रानी की रसोई जैसे नाम सुझाए गए हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज और पंकज दुबे सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गायत्री शक्तिपीठ में संस्कार संवर्धन शिविर आयोजित, बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी लिया हिस्सा

## बच्चों को संस्कारवान बनाने गायत्री परिवार की अनूठी पहल

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शक्तिपीठ मनमोहन नगर में एक दिवसीय संस्कार संवर्धन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य ट्रस्टी बीबी शर्मा, व्यवस्थापक प्रमोद राय, बाल संस्कार शाला प्रभारी इंदु राय, ज्ञानोदय विद्यालय की प्राचार्य राजकुमारी गुप्ता, एसडी रावत एवं प्रकाश मूरजानी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं संस्कार निर्माण के उद्देश्य से योग, माइंड गेम्स, प्रेरणादायक कहानियां, एक्टिविटी सेशन और व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। योगाचार्य कु. वर्षा सोनी एवं डॉ. दीपांकर अत्रे ने बच्चों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया। वहीं पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सफल बच्चों की दिनचर्या का वीडियो दिखाकर अच्छी आदतों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में निशा शर्मा ने रचनात्मक गतिविधियों के जरिए टीम वर्क एवं अनुशासन की सीख दी, जबकि गीता वासुदेव एवं गुनगुन नामदेव ने माइंड गेम्स के माध्यम से बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने का प्रयास किया। पर्णिका आर्य ने प्रेरक कहानियों के जरिए नैतिकता और साहस का संदेश दिया। गुरुदेव जीवन दर्शन सत्र में डॉ. दीपांकर अत्रे ने बच्चों को सकारात्मक जीवन मूल्यों की जानकारी दी। शिविर के अंत में प्रश्नोत्तर एवं आकलन पत्रक के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को त्रिदिवसीय संस्कार शिविर हेतु चयनित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में स्नेहलता साबरे, उमेश साबरे, सुनील मालवीय, मोहन चक्रवैश्य, दीपेश कोष्टा, अनमोल पाठक एवं आयुष पटेल का विशेष सहयोग रहा।



## श्रीदत्त भजन मंडल ने की पूर्णाहुति के साथ दत्तयज्ञ की समाराधना

**जबलपुर।** श्री दत्त भजन मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय दत्तयाग की आज पूर्णहुति की गई। यज्ञ सनातन धर्म की एक गौरवशाली परंपरा रही है, यज्ञ में डाली गई आहुति देवताओं तक पहुंचती है और व देवता व्यक्ति का कल्याण करते हैं। आज प्रातः समस्त देवताओं का स्तुति पाठ किया गया तथा अग्नि देवता की आराधना की गई। "ॐ महाज्वालाय विद्महे, अग्नि-मध्याय धीमहि, तन्नो अग्निः प्रचोदयात" हम उस महान और दिव्य ज्योति (तेज) का ध्यान करते हैं, हे अग्नि देव हमें ज्ञान और बुद्धि प्रदान करें और हमारे मन और भविष्य को अपने प्रकाश से उज्वल करें। आज मुख्य यजमान के साथ सहयजमान विश्वास पाटणकर, प्रशांत पोळ, दिलीप सप्रे, सौ. ज्योत्सना पंकज लोथे द्वारा विश्व कल्याण हेतु आहुति प्रदान की गई।



इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे मध्यप्रदेश शासन के लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह का स्वागत दत्त मंदिर परिवार की तरफ से किया गया। श्री दत्तात्रय भगवान की महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ समाप्त हुआ।

यज्ञ कार्य में प्रतिदिन अभय गोरे, विश्वास पाटणकर, अजय फाटक, सुनील देशपांडे, सौ. मनीषा भावे, स्नेहा आठले, रंजता वर्तक, चित्रा ताम्हनकर, अभय जोशी, डॉक्टर सुनील देशपांडे, सुबोध गोसावी, श्रीपाद परांजपे, विलास ताम्हनकर, नितीन देसाई, मुरलीधर पाळंदे, मनीष वैद्य, बीएस टांगसाळे, सुनील परांजपे, विनय मैराळ, प्रमोद परांजपे, विलास ताम्हनकर ने पांचों दिन अपनी बहुमूल्य सेवा प्रदान की। प्रिंट मीडिया के राजेंद्र बर्वे एवं सुरेश पागे का विशेष सहयोग रहा। मंदिर के अध्यक्ष विजय भावे एवं सचिव शरद आठले द्वारा सभी के प्रति सादर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# एसपीएल में सोने-चांदी के चौके-छक्कों का रोमांच, हजारों दर्शक बने सहभागी

**जबलपुर।** रानीताल स्टेडियम के वेलोड्रम ग्राउंड में सराफा एसोसिएशन जबलपुर द्वारा आयोजित सराफा प्रीमियर लीग (एसपीएल) 22 से 28 मई 2026 तक क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मैचों के दौरान दर्शकों के लिए अनोखा उत्साह देखने को मिल रहा है, जहां हर छक्के पर सोने-चांदी के सिक्के जीतने का मौका मिल रहा है। आयोजन में दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों को एक हाथ से कैच पकड़ने पर सोने का सिक्का और दोनों हाथों से कैच पकड़ने पर चांदी का सिक्का पुरस्कार स्वरूप दिया जा रहा है। इस अनोखी घोषणा के चलते हर चौके-छक्के पर दर्शक कैच पकड़ने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। कोषाध्यक्ष ओम सोनी ने बताया कि यह पहल दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं सराफा व्यापारियों द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए हर चौके, छक्के, विकेट और कैच पर 5000 रुपये की नकद राशि भी दी जा रही है। लीग चरण के मुकाबलों के बाद अब क्वार्टर फाइनल मैचों की शुरुआत की जाएगी। हालिया मुकाबलों में समदड़िया टाइटन, अपना चैंपियन, मंगलम जोहरी रॉयल 11 सहित कई टीमों ने जीत दर्ज की है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए आशीष बारी, मोसम कुशवाहा, कृष शुक्ला और मोनू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सोने-चांदी के सिक्के जीतने वालों में विनय लखेरा, अभिषेक जैन, मोहम्मद शाहिद एवं अनुज सोनी शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन म.प्र. सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष राजा सराफ ने किया। आयोजन में नवीन सराफ, अमित अग्रवाल, महेंद्र ओसवाल सहित सराफा एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।



# 900 फुट की चुनरी से बाणगंगा मैया का भव्य श्रृंगार, महाआरती और भंडारा आयोजित

**भेड़ाघाट।** गंगा दशहरा के पूर्व हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट द्वारा आयोजित 14वें वार्षिक आयोजन में बाणगंगा नदी (नर्मदा-सरस्वती स्वरूप) का 900 फुट लंबी चुनरी से भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर विधिवत पूजन, दुग्ध अभिषेक, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार बाणासुर राक्षस द्वारा इस क्षेत्र में तपस्या कर शिवलिंगों की पूजा की गई थी। मान्यता है कि उसी तपस्थली से जलधारा का उद्गम हुआ, जिसे बाद में बाणगंगा या बैनगंगा के नाम से जाना गया। कार्यक्रम में नदियों की स्वच्छता, क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं नशा मुक्ति के उद्देश्य से विशेष प्रार्थना की गई। शरद अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, जय किशन गुप्ता, एडवोकेट सुषमा शंकर पटेल, संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा, शिवकुमार पटेल, मनोज गुलाबबानी, गुड्डु नेता, छन्नू राम पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## श्रीमद्भागवत श्रवण के साथ उसे आत्मसात करना आवश्यक : स्वामी राम प्रपन्नाचार्य



**जबलपुर।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर पुलिस कॉलोनी गढ़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि जीवन में भक्ति का होना अत्यंत आवश्यक है और केवल कथा श्रवण ही नहीं, बल्कि उसे आत्मसात करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि समस्त प्राणियों के हृदय में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण भक्तवत्सल हैं, जिन्हें पहचानना आवश्यक है। कथा श्रवण से मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है तथा गौ माता की सेवा वर्तमान जीवन के समस्त कष्टों को दूर करने में सहायक होती है। कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन-अर्चन जवाहर पटेल द्वारा किया गया। यह आयोजन भागवत महिला मंडल, पुलिस कॉलोनी गढ़ा के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख राजेश पटेल ने बताया कि कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित हो रही है तथा इसका समापन 31 मई को हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर एडवोकेट राजकुमार अवस्थी, एडवोकेट अमोल सिंह राजपूत, डॉ. अजय फौजदार, गोविंद सिंह, अभय तिवारी, भानु प्रताप सिंह, डी.एस. रघुवंशी, रामकरण मिश्रा, विनीत टहनगुरिया, के.एल. मेहरा, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, सौरभ सिंह, संध्या दुबे, रामवती चौबे, अरुणा वर्मा, ज्योति जादोन, रजनी पटेल, लक्ष्मी, सुनीता गर्ग एवं अनीता दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुनि सानिध्य में पूजन एवं अभिषेक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा, जबलपुर चंदना संभाग द्वारा एकदिवसीय पूजन एवं अभिषेक प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुनि निष्कंप सागर महाराज एवं मुनि निष्काम सागर महाराज के मंगल सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन का नेतृत्व संभाग अध्यक्ष संध्या जैन "शांत" ने किया। कार्यक्रम में 8 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक अभिषेक एवं पूजन में सहभागिता निभाई। बच्चों ने अष्ट द्रव्यों से विधिपूर्वक पूजन किया तथा शांतिधारा की बोली लेकर 1100 रुपये की राशि दान स्वरूप अर्पित की। मुनि निष्कंप सागर महाराज ने अपने प्रवचनों में धर्म एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक अमित जैन भैया जी के मार्गदर्शन में सुनीता जैन "मैक्स", भानुप्रिया जैन एवं अर्चना जैन द्वारा बच्चों को सरल एवं आकर्षक तरीके से पूजन-वाचन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर साधना बड़कुल, शशि प्रभा, सुषमा जैन, किरण जैन, मीना बड़कुल, संजना जैन, निशा चौधरी, पुष्पा जी, सविता जी, निधि जैन, रिचा जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### भेड़ाघाट क्षेत्र में पंचवटी रेस्ट हाउस व पर्यटन मार्ग निर्माण पर उठे सवाल

## लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार पर मनमानी के आरोप, आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**भेड़ाघाट।** पंचवटी रेस्ट हाउस क्रमांक-1 में चल रहे भवन निर्माण कार्य को लेकर लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार पर गंभीर अनियमितताओं और नियमों की अनदेखी के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण स्थल पर न तो आवश्यक सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है। आरोप है कि जेसीबी मशीन से अवैध खुदाई की जा रही है तथा नर्मदा नदी तट से 300 मीटर की परिधि संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश (क्रमांक 10561/2019) का भी पालन नहीं हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे प्राकृतिक सौंदर्य और संगमरमर की चट्टानों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि आम नागरिकों पर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाता है, जबकि शासकीय निर्माण कार्यों में ही लापरवाही और पक्षपात देखने को मिल रहा है। निर्माण कार्य की पारदर्शिता, लागत और ठेकेदार की जानकारी सार्वजनिक न होने पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार तक बन रहे पर्यटन मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर भी लोगों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क और नाली निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है, जिससे रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। आरोप है कि कहीं सड़क चौड़ी तो कहीं सकरी बनाई जा रही है, वहीं गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है।





दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों ने कहा कि निर्माण स्थल पर नियमित रूप से इंजीनियर या जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहते, जिससे कार्य की निगरानी प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि बरसात से पहले यदि कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो पर्यटन मार्ग दलदल में बदल सकता है, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों दोनों को भारी परेशानी होगी। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका और ठेकेदार पर कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।



## ब्रांडेड कंपनी की जेनेरिक दवा भी मिले तो कुछ संतोष हो

### सीजीएचएस सलाहकार समिति बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) डिस्पेंसरी क्रमांक 4 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में मासिक सलाहकार समिति की बैठक हेड पोस्ट ऑफिस परिसर स्थित डिस्पेंसरी में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर सुझाव एवं समस्याएं रखीं। बैठक में वरिष्ठ नागरिक प्रतिनिधि एम.एन. सिंह, गुरमुख दास, अनिल शुक्ला, नरेंद्र कोचर, राजेश सोनी, सुरेश चंद तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान सदस्यों ने कहा कि जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हों, लेकिन ब्रांडेड कंपनी की गुणवत्तायुक्त दवाएं भी मिलें तो मरीजों को अधिक संतोष मिलेगा। बैठक में सुझाव पेटी खोली गई, जिसमें लाभार्थियों द्वारा लिखित सुझाव प्राप्त हुए। कटनी, सतना और रीवा से आने वाले मरीजों को यात्रा सुविधा एवं उपचार में विशेष सहूलियत देने पर भी चर्चा हुई। वहीं नेचुरोपैथी उपचार को लेकर आए सुझाव पर मुख्यालय से पुष्टि कर जानकारी देने की बात कही गई। डॉ. आर.पी. रावत ने कहा कि डिस्पेंसरी में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, कूलर, पंखे, बैठने की व्यवस्था एवं स्वच्छता संतोषजनक पाई गई हैं। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। बैठक के अंत में स्टाफ प्रदीप सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## श्री भगवान गुहनिषादराज प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन



**23 से 27 मई तक विविध धार्मिक कार्यक्रम, 26 मई को निकलेगी शोभायात्रा**

**मझौली।** नगर के बाजार प्लांट स्थित यज्ञशाला में निषाद वंशीय समाज यज्ञशाला समिति द्वारा श्री भगवान गुहनिषादराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 23 मई से 27 मई 2026 तक चलेगा। आयोजन के अंतर्गत 23 मई को मूर्ति का भव्य स्वागत एवं आगमन किया जाएगा। 24 एवं 25 मई को पूजन एवं प्रवचन कार्यक्रम संपन्न होंगे। प्रतिदिन शाम 5 बजे से कथावाचक प्रमोद परोहा द्वारा राम कथा का वाचन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। 26 मई को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन और धार्मिक वातावरण रहेगा। अंतिम दिन 27 मई को विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी, जिसके बाद समाज बंधुओं का सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है।



## अवैध कॉलोनी से परेशान रहवासी सड़क पर उतरे, भू-माफिया की निकाली अर्थी

**जबलपुर।** वार्ड क्रमांक 74 एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड स्थित अमखेरा पानी टंकी के समीप बनी श्री परिसर कॉलोनी के रहवासियों ने सोमवार को अवैध कॉलोनी बसाने वालों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने कथित भू-माफिया की अर्थी निकालकर अमखेरा मुख्य मार्ग पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने अर्थी पर चप्पल बरसाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी विकसित करने वालों ने बिना वैध कॉलोनाइजर लाइसेंस के कच्ची प्लॉटिंग कर लोगों को जमीन बेच दी। बाद में नगर निगम ने कॉलोनी को अवैध घोषित कर दिया, जिससे यहां रहने वाले परिवार पिछले दो वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। कॉलोनी में सड़क, पानी और स्थायी बिजली कनेक्शन जैसी सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। रहवासियों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सिहोरा—खितौला जैन समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## आर्यिका माताजी दुर्घटना की निष्पक्ष जांच की मांग, जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** सकल जैन समाज सिहोरा एवं खितौला द्वारा रीवा जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के सामने ज्ञापन सौंपकर आर्यिका श्री 105 श्रुतमति एवं आर्यिका श्री 105 उपशममति माताजी के सड़क दुर्घटना में निधन की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यह घटना केवल साधारण सड़क दुर्घटना नहीं मानी जा सकती, क्योंकि उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिप्स के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण है। समाज ने इस प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की है। जैन समाज ने यह भी मांग की कि मामले की जांच एसआईटी या न्यायिक आयोग से कराई जाए तथा सभी सीसीटीवी फुटेज एवं डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित किए जाएं। साथ ही "संत सुरक्षा प्रोटोकॉल" लागू करने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन से पूर्व जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर जैन महिला परिषद की बहनों का विशेष सहयोग रहा। सिहोरा एवं खितौला दोनों स्थानों पर समाज के संरक्षक संजय जैन, सन्मति जैन, डॉ. आर.के. जैन, संध्या मदन जैन, एडवोकेट संजय जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं नवयुवक उपस्थित रहे।



## गंगा दशहरा पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकली कलश यात्रा एवं किया पूजा-अर्चना


**पाटन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पाटन के सेक्टर बोरिया अंतर्गत ग्राम प्रस्फुटन समिति करारी मनकवारा में गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हैंडपंप की पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम की महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के उपरांत शिव मंदिर में जल अर्पित कर भजन-कीर्तन किया गया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाएं काजल, पूनम, रेशमा, जानवी, प्राची, अंशिका, नमामि, बबिता, रिया, नव्या, शिल्पी, सुहाद्रा, रोशनी ठाकुर, रश्मि ठाकुर सहित अन्य ने सहभागिता निभाई। वहीं ग्रामवासियों में सागर, अरमान, वीरेंद्र एवं नवांकुर संस्था अध्यक्ष जितेंद्र राठौर उपस्थित रहे।





**श्री गोविंद तिवारी-** सिहोरा- ग्लोरियस स्कूल के पास वार्ड क्रमांक 11 निवासी श्री गोविंद तिवारी का 76 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे मनोज तिवारी के पिता थे।

**श्री मनीष चौबे -** सिहोरा वार्ड क्रमांक 13 चर्च के पीछे निवासरत शिक्षक श्री मनीष चौबे का 55 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे आशीष चौबे, रजनीश चौबे के भाई एंव दिव्य, दीप चौबे के पिता थे।



**श्री ओम प्रकाश जायसवाल-** इमलीपुरा गोरखपुर निवासी श्री विनोद जायसवाल के पुत्र श्री ओम प्रकाश जायसवाल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन घसिया-** एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी श्री जीवन घसिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अश्विनी तलवार-** मित्रा एनक्लेव नेपियर टाउन निवासी श्री अश्विनी तलवार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप गुप्ता-** सरकारी कुआं घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री प्रदीप गुप्ता (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया पंजवानी-** मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री कन्हैया लाल पंजवानी की धर्मपत्नी श्रीमती माया पंजवानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर बेन-** करियापाथर सरकारी बिल्डिंग निवासी श्री शंकर बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।



**श्री शिव शंकर प्रजापति-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री शिव शंकर प्रजापति (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम रैकवार-** बड़ी खेरमाई हनुमानताल निवासी श्री सीताराम रैकवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बसंत पासी-** कैंट कटंगा टीवी टावर के पास निवासी श्री बसंत पासी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नत्था सिंह सैनी-** पूजा होम्स धनवंतरी नगर निवासी श्री नत्था सिंह सैनी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव-** कटरा अधारताल निवासी श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद भोरहरि-** कृष्णा कॉलोनी रेवा परिसर निवासी श्री अरविंद भोरहरि (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश सोनी-** चेरीताल निवासी श्री महेश सोनी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वती बाई-** नरसिंह वार्ड मदनमहल निवासी श्री मूलचंद की धर्मपत्नी श्रीमती वती बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती वर्षा मलिक-** ललित कॉलोनी निवासी श्री नवीन कुमार मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती वर्षा मलिक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार सोनी-** जगदम्बा कॉलोनी निवासी श्री अवध कुमार सोनी के पुत्र श्री विनोद कुमार सोनी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आनंद पिल्ले-** गली नं. 19, सदर निवासी सी. माईकल पिल्ले के पुत्र श्री आनंद पिल्ले (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा बाई-** कछियाना मोहल्ला द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री श्याम लाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा बाई (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. साक्षी बमनिया-** मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री दिलीप बमनिया की पुत्री कु. साक्षी बमनिया (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रज्जू कोरी-** करियापाथर श्मशान भूमि मे निकट निवासी श्री सुंदर लाल कोरी के पुत्र श्री रज्जू कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुंदरी बाई बंशकार-** वल्दी कोरी की दफाई बंशकार मोहल्ला निवासी श्री प्रेम लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदरी बाई बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा बाई बिरहा** -द्वारका नगर कछियाना निवासी पूर्व सैनिक स्वर्गीय श्री श्यामलाल बिरहा की धर्मपत्नी पुष्पा बाई बिरहा का 59 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। वह संजीत, संजू बिरहा की माँ एवं पंकज प्रमोद बिरहा की बड़ी माँ थी। उनका अंतिम संस्कार करिया पाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।




**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क. 0439/अ-6/2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभान चौबे निवासी अधारताल जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा अधारताल स्थित खसरा नबंर 156/4 रकवा 900 वर्गफुट जबलपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र/दानपत्र के माध्यम से भूमि पर विक्रेता श्रीमती कमलेश दुबे से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों मे अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विकयपत्र / दानपत्र / एवं फार्म पी-11 खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि पर वर्तमान खसरे मे भूमि स्वामी के रूप मे कमलेश दुबे का नाम दर्ज है। अतः उपरोक्त विक्रय पत्र/फौती नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 29.5.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14.05.2026 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 14.05.2026

पेशी दिनांक- 29.05.2026

नायब तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**आम सूचना**

रा.प.क./O558/6/2026-27 जबलपुर, दिनांक-14/5/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति प्रेमलता शिवहरे पत्नि स्व. रमेश चंद्र शिवहरे निवासी नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर प्लॉट नं.- 878/1Aमें से रकबा 1623.25 वर्गफुट भूमि पर रमेश चंद्र शिवहरे की मृत्यु दिनांक 05/12/2018 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज सलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29/5/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय तहसीलदार,
तहसील आधारताल, जबलपुर

SS

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 154/अ-6/2026-27

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रशेखर रजक पिता स्व. श्री भगवान दास निवासी 1523/3 बचऊ का बाड़ा कांचघर जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 26, प्लाट नं. 5/4 एवं 3/25 रकबा 600 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं....खसरा नं......रकवा 600 व.फु./हे. पर विक्रयपत्र/हक त्याग / वसीयतनामा /दानपत्र/वारसान हक दिनांक 07/08/2020 मृत्यु दिनांक 29/08/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ...ब्लाक नं. 26 प्लाट नं. 5/4 एवं 3/25 रकवा 600व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं......खसरा नं..... रकवा 600व.फु./हे. है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 30/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी । इश्तहार आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/04/2026

पेशी दिनांक 30/05/2026

सील

तहसीलदार
रांझी ,जबलपुर

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, RAMBADAN BAIS & CHANDI BAIS is legally Father & Mother of ARMY NO-15741535F, Rank-NK, Name- BRIJESH SINGH BAIS presently residing at Vill-KUMHIYA, POST- SAMAN, Teh BEOHARI, Distt - SHAHDOL, State- MADHYA PRADESH, PIN- 484776 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूँ करती हू कि हमारे बेटे के सर्विस रिकार्ड में हमारा नाम एंव जन्म तिथि RAMBADAN (पिता) CHANDEE / 01/05/1972 (माता) दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि हमारे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में हमारा नाम एंव जन्म तिथि RAMBADAN BAIS (पिता) & CHANDI BAIS / 01-01-1968 (माता) दर्ज हैं। जो कि सही है यह कि हमारे नाम को पढा व सुना एंव हमारे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं दिनांक 25-05-26 नोटरी जबलपुर म.प्र. ।

गलत नाम एंव जन्म तिथि : पिता - RAMBADAN माता- CHANDEE / 01-05-1972

सही नाम एवं जन्मतिथि : पिता RAMBADAN BAIS माता CHANDIBAIS / 01-01-1968

38AA580951

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्रं./1739/2026, पन्ना दिनांक 18.03.2026

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता सुखेन्द्र सोनी उम्र 31 वर्ष, पुत्र स्व. श्री के. पी. सोनी निवासी 3153/54 शिवशक्ति भवन के पास नरसिंह नगर, रॉझी जबलपुर तहसील जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र.

एवं

ममता गोड उम्र 18 वर्ष, पुत्री स्व. श्री हीरा लाल, निवासी वार्ड नं.-03 नयापुरा द्वारी पोस्ट द्वारी तहसील अमानगंज जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैद्य प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप से इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नही की जाएगी।

उद्घोषणा आज दिनांक 16 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई है।

प्रकरण में सुनवाई तिथि- 28 मई 2026

(मधुवन्तराव धुर्वे)
अपर कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी जिला पन्ना म.प्र.

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम, दिल्ली सीएम से मिले साय

# लाल किला मैदान में राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक समागम कार्यक्रम में शामिल हुए छग के मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक समागम आयोजित हुआ। यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर किया गया। देशभर से हजारों जनजातीय प्रतिनिधि और समुदाय इसमें शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व दिया। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

## छग की कल्याणकारी योजनाओं पर साझा की जानकारी



मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बता दें कि लाल किले पर यह भव्य आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच एवं जनजाति जागृति समिति द्वारा किया गया। लाल किले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना का राष्ट्रीय संदेश बना। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक आत्मा है। यह समाज सदियों से प्रकृति और मानव जीवन में संतुलन बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि जनजातीय जीवन दर्शन मानवता को टिकाऊ विकास का मार्ग दिखा सकता है। छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति से जुड़ी है। राज्य में 42 प्रकार की जनजातियां निवास करती हैं। लगभग 44 फीसदी क्षेत्र वनाच्छादित है। स्वतंत्रता आंदोलन से राष्ट्र निर्माण तक जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। बिरसा मुंडा और वीर नारायण सिंह जैसे महानायकों ने बलिदान का इतिहास रचा।

## जनजातीय प्रतिभा को देते हैं पहचान और मंच

साय ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। नया रायपुर में आदि परब, बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन होते हैं। ये कार्यक्रम जनजातीय प्रतिभा और पहचान को राष्ट्रीय मंच देते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार गोंडी, हल्बी और सादरी जैसी भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा दे रही है। इससे नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहेगी। बस्तर से सरगुजा तक देवगुड़ी और मातागुड़ी का संरक्षण भी तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज के संवैधानिक अधिकारों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह भावना प्रबल हो रही है कि मूल परंपराएं छोड़ने वालों को अनुसूचित जनजाति सूची से बाहर किया जाए। इससे आरक्षण और सरकारी सुविधाओं का वास्तविक लाभ मूल समुदायों को मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मांग किसी समुदाय के विरोध में नहीं है। यह जनजातीय समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा से जुड़ी है। इसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में उठाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने पारंपरिक नृत्य और लोक संगीत से भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत दिखाई। लाल किला मैदान में दिनभर मांदर, ढोल और पारंपरिक लोकधुनों की गूंज रही। यह समागम जनजातीय समाज की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक बना। यह आयोजन सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त राष्ट्रीय घोष बनकर उभरा।

करीब 10 करोड़ रुपए के तेंदूपत्ता जलने का अनुमान

# तेंदूपत्ता गोदाम में लगी भीषण आग देखते ही देखते हजारों बोरे खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



जिले के ईटपाल स्थित एक निजी तेंदूपत्ता गोदाम में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते गोदाम में रखे हजारों बोरे जलकर खाक हो गए। अनुमान के मुताबिक, इस हादसे में करीब 10 करोड़ रुपये का तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, आग दोपहर लगभग 2:30 बजे लगी। उस समय गोदाम में बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता संग्रहित था। साथ मजदूर भी गोदाम में मौजूद थे, लेकिन किसी भी मजदूर को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन तेज गर्मी और सूखे वातावरण के चलते आग तेजी से फैलती चली गई। गोदाम से उठते धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देता रहा।

तेज गर्मी और सूखे वातावरण के चलते आग तेजी से फैलती चली गई

## खबर संक्षेप



### गोवर्धन पूजा और भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**औबेदुल्लागंज।** नगर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन, गोवर्धन पूजा एवं भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया। वाचक पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने बताया मां यशोदा अपने लाला की स्वयं सेवा करती थीं, नौकर-नौकरानी के भरोसे बच्चों की सेवा करवाने से बच्चे पर अच्छा असर नहीं पड़ता और वह भविष्य में माता-पिता की सेवा नहीं करते। इसलिए माताएं बच्चों को बोतल का दूध न पिला कर अपना दूध पिलाए, तो बच्चा निरोगी एवं स्वस्थ रहता है। संतोष शास्त्री ने भगवान द्वारा माखन चोरी, गोपियों की चीर हरण, नामकरण एवं भगवान के अन्य कई लीलाओं का वर्णन किया। अंत में गोवर्धन की कथा सुनाते हुए पंडित शास्त्री ने कहा 7 वर्ष की उम्र में कन्हैया ने 7 कोश लंबे-चौड़े गोवर्धन पहाड़ को उठाकर बृजवासियों की इंद्र के प्रकोप से रक्षा की और इंद्र का गुरूर तोड़ा। पंडाल में उपस्थित भारी संख्या में माता-बहनों भाइयों ने गोवर्धन पहाड़ की परिक्रमा लगाई।

फरियादी ने साइबर सेल में दर्ज कराई मामले की शिकायत

# बिटकॉइन में निवेश कर मुनाफा कमाने के नाम पर साढ़े 5 लाख रुपए की ठगी

### टेलीग्राम के माध्यम से फरियादी को ग्रुप से जोड़कर की धोखाधड़ी

- *वॉलेट में प्रॉफिट तो दिखने लगा, लेकिन रकम विड्राल नहीं हो सका*
- *रकम निकालने के लिए दो लाख की और डिमांड करने पर ठगी का हुआ एहसास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




बिटकॉइन में निवेश करने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने एक व्यक्ति को पांच लाख 46 हजार 869 रुपए की चपत लगा दी। आरोपी ने टेलीग्राम पर मैसेज भेजकर फरियादी को अपने ग्रुप से जोड़ा और बिटकॉइन में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होने का प्रलोभन दिया। शुरू में छोटा निवेश करने पर फरियादी को एप के वॉलेट में लाभ भी दिखने लगा। लालच में आकर उन्होंने करीब साढ़े पांच लाख रुपए इंवेस्ट कर दिए। वॉलेट में प्रॉफिट तो दिखने लगा, लेकिन रकम विड्राल नहीं हो सका। बल्कि रकम निकालने के लिए दो लाख रुपए की डिमांड और कर दी। ठगी का अहसास होने पर फरियादी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। वहां से जीरो पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण रातीबड़ थाने भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार नीलसागर कॉलोनी नीलबड़ निवासी साहिल कोरी (27) प्राइवेट नौकरी करता था, लेकिन वेतन कम मिलने की वजह से उसने नौकरी छोड़ दी और फिलहाल कोई काम नहीं कर रहा था। इस बीच विगत 28 अप्रैल को फरियादी के मोबाइल पर टेलीग्राम से मैसेज आया और बिटकॉइन में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होने का झांसा दिया। एक ट्रेडिंग एप के जरिए आरोपी साहिल कोरी से रकम निवेश कराने लगे। शुरू में फरियादी ने 1200 और फिर पांच हजार रुपए निवेश किए। एप के वॉलेट में उसे मुनाफा दिखने लगा। इसके बाद फरियादी ने 29 और 30 अप्रैल को अलग-अलग बार में कुल पांच लाख 46 हजार 869 रुपए इंवेस्ट कर दिए।

मोबाइल पर लिंक डाउनलोड करवाकर पूछा ओटीपी

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1 लाख 77 हजार रुपए की ठगी

ओटीपी बताते ही खाते से अलग-अलग बार में एक लाख 77 हजार निकल गए

जहांगीराबाद में रहने वाले निजी कंपनी के ड्राइवर को जालसाज ने 1 लाख 77 रुपए का चूना लगा दिया। साइबर जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1 लाख 77 हजार रुपए का खाते में ट्रांसफर कर लिए। आरोपी ने फरियादी के बैंक खाते की अहम जानकारी हासिल कर एक लिंक भेजा। लिंक डाउनलोड करने के बाद ओटीपी बताते ही फरियादी के खाते से रकम निकल गई। जहांगीराबाद पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ऐशबाग रोड बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी अयाज खान (30) निजी कंपनी में ड्राइवर हैं। विगत 26 फरवरी को उनके पास अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। खुद को बैंककर्मी बताने वाले आरोपी ने कहा कि वह कुछ मामूली औपचारिकता पूरी करने के बाद उनके कार्ड की लिमिट बढ़ जाएगी। फरियादी उनके झांसे में आ गए और उसके भेजे लिंक को अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर लिया। लिंक डाउनलोड करते ही उनके पास एक ओटीपी आया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी दोषमुक्त




**भोपाल।** नाबालिग से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले करने वाला अभियुक्त खुशीलाल यादव को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने साक्ष्य अभाव में दोषमुक्त कर दिया। पीड़ित ने 23 दिसंबर 2022 को थाना अवधपुरी में अपने भाई के मकान मालिक खुशीलाल यादव के विरुद्ध छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास करने की रिपोर्ट कराई थी। अभियुक्त के अभिभाषक पंकज कुलश्रेष्ठ ने न्यायालय में तर्क दिया था कि किराए की राशि व मकान खाली करने के लिए विवाद होने के कारण पीड़िता के माध्यम से भाई द्वारा झूठी रिपोर्ट कराई गई है। पीड़िता के न्यायालयीन कथन, पूर्व न्यायालयीन कथन व पुलिस कथन में विरोधाभास है। पीड़िता ने इस बात को स्वीकार किया है कि उसके भैया न्यायालय में नौकरी करते हैं और आवेदन उनके द्वारा टाइप कराकर लाया गया था। बाद में उसके द्वारा यह व्यक्त किया गया है कि आवेदन थाने में टाईप हुआ था। अतः अभियुक्त को दोषमुक्त किया जाए।

सरकार की तबादला नीति-2026 लागू

# महिलाओं और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश सरकार ने तबादला नीति-2026 जारी कर दी है। नई नीति में महिला कर्मचारियों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों, दिव्यांग कर्मचारियों और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को बड़ी राहत दी गई है। वहीं तय लक्ष्य पूरे नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्ती बरतने का फैसला लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने कैबिनेट की मंजूरी के बाद आदेश जारी कर दिए हैं। नई व्यवस्था के तहत 1 जून से 15 जून तक तबादले किए जा सकेंगे और सभी आदेश ऑनलाइन जारी होंगे। नई नीति के अनुसार अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिला कर्मचारियों को गृह जिले में पदस्थ करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही पति-पत्नी को एक ही स्थान पर पदस्थ करने के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

हालांकि अंतिम निर्णय प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा। सरकार ने उन कर्मचारियों और अधिकारियों पर विशेष नजर रखने का फैसला किया है जो विभागीय लक्ष्य पूरे नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों को प्रशासनिक आधार पर प्राथमिकता से हटाया जा सकेगा। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तीन वर्ष की अवधि पूरी होने से पहले भी तबादला सूची में शामिल किया जा सकेगा। नीति के तहत प्रथम और द्वितीय श्रेणी के कार्यपालिक अधिकारियों को एक जिले में तीन वर्ष पूरा होने पर जिले से बाहर स्थानांतरित किया जा सकेगा।

### श्रृंखलाबद्ध तबादलों पर रोक

न्यायालय के आदेश, गंभीर शिकायत, रिक्त पदों की पूर्ति, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति से वापसी जैसे मामलों में भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत तबादले किए जा सकेंगे। हालांकि रिक्त पदों को भरने के लिए श्रृंखलाबद्ध तबादलों पर रोक लगाई गई है।

नई नीति में गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को भी राहत दी गई है। कैंसर, डायलिसिस और ओपन हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के मामलों में जिला मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर स्थानांतरण किया जा सकेगा। वहीं 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग कर्मचारियों का सामान्यतः तबादला नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति में एक वर्ष या उससे कम समय बचा है, उनका सामान्य परिस्थितियों में तबादला नहीं किया जाएगा। मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को दो कार्यकाल यानी चार वर्ष तक तबादले से छूट मिलेगी। सरकार ने वित्तीय अनियमितता, गबन या सरकारी धन के दुरुपयोग के मामलों में भी सख्त रुख अपनाया है। ऐसे मामलों में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों को तत्काल संबंधित पदों से हटाने का प्रावधान किया गया है।

### तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को भी लाभ

वहीं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों का भी एक ही स्थान पर तीन वर्ष या उससे अधिक समय पूरा होने पर तबादला किया जा सकेगा। हालांकि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्माण और नियामक प्रकृति वाले विभागों को छोड़कर केवल तीन वर्ष की अवधि को ही तबादले का आधार नहीं बनाया जाएगा।

वारदात के एक सप्ताह बाद पुलिस ने किया मामले का पर्दाफाश

# पूर्व प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने करवाई थी अपने पति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश हुआ है। एक पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। घटना के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने इस मामले से पर्दाफाश किया। पुलिस ने शक के आधार पर पत्नी से कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में पत्नी ने सारी सच्चाई बता दी और अपना अपराध कबूल किया। यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ निकला। झारखंड पुलिस एक महिला को साथ लेकर सिरगिट्टी थाने पहुंची थी। महिला के बयान के बाद पुलिस को इस हत्याकांड की जानकारी मिली।

### प्रेमी और दो साथी घटना के बाद फरार



पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी और उसके दो साथी अभी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। बीते 18 मई को यह वारदात हुई थी। झारखंड निवासी पूनम लोंमगा (35) अपने पति विनोद लोंमगा (40) को बिलासपुर लाई थी। उसने अपने पति को किसी परिचित से पैसे लेने का बहाना बनाया था। सिरगिट्टी स्थित रेलवे ट्रैक के पास प्रेमी सुगर टोपनो अपने दो साथियों के साथ मौजूद था। सभी ने मिलकर विनोद की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद युवक के शव को रेलवे ट्रैक के उस पार पानी से भरे स्थान पर फेंक दिया गया। गिरफ्तार पत्नी ने पुलिस को शव के पास ले जाकर स्थान दिखाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस मामले में प्रेमी सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# वार्ड 78 में 23 करोड़ से बनेगा सीवेज नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 78 विश्वकर्मा नगर में 23 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाली सीवेज परियोजना एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन मंत्री विश्वास सारंग ने किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार मध्यप्रदेश में विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रही है। हर वर्ग के कल्याण और हर क्षेत्र का समुचित विकास सरकार की प्राथमिकता है।



जनता को संबोधित करते मंत्री सारंग।

सारंग ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल विकास कार्य करना नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सुगम भी बनाना है।

### 42 किमी लंबा सीवर नेटवर्क बनाया जाएगा

सारंग ने कहा कि वार्ड 78 स्थित विश्वकर्मा नगर में 23 करोड़ से अधिक की लागत से निर्माण होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत 13 करोड़ की लागत से 42 किलोमीटर लंबा सीवर नेटवर्क बनाया जाएगा तथा 9 करोड़ रुपए की लागत से 8079 हाउस सीवर कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे।

सुबह से निकली तेज धूप, गर्मी से लोग हुए हलाकान

# नौतपे के पहले दिन गर्मी ने दिखाया अपना प्रभाव, पेंड्रा में पारा 43 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

जिले में नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। पेंड्रा क्षेत्र में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वास्तविक अनुभव 45 डिग्री तक महसूस किया गया। सुबह से ही तेज धूप और उसम के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दोपहर होते-होते हालात और अधिक खराब हो गए। तेज गर्म हवाओं और लू के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, राहगीरों और छोटे व्यापारियों को हो रही है। उन्हें तेज धूप में काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है। यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।



### लू से बचने के लिए मौसम विभाग ने दी सलाह

विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। बाहर जाते समय सिर ढँककर जाने को कहा गया है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की भी सलाह दी गई है। यह सावधानी लू से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को दोपहर में घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

आउटसोर्स नीति का विरोध

## आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर, प्रदेश भर के कर्मचारी भोपाल में करेंगे प्रदर्शन

**भोपाल।** समय पर वेतन नहीं मिलने, नियमितीकरण और आउटसोर्स नीति के विरोध में सोमवार को प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक हड़ताल रहेंगे। आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी के हड़ताल के कारण शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो सकती है। सोमवार को प्रदेश भर के कर्मचारी राजधानी भोपाल में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। मप संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मी 25 मई को वेतन, नियमितीकरण और नौकरी सुरक्षा की मांग को लेकर सामूहिक हड़ताल करेंगे। कोमल सिंह ने बताया कि कई जिलों में महीनों से वेतन नहीं मिला और सरकार ने अब तक आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई। अगर एक दिवसीय हड़ताल के बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी, लेकिन सुविधाएं नहीं

आउटसोर्स कर्मचारी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक समेत कई सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित कर्मचारियों की संख्या लगातार कम होने के कारण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बड़ा भार अब आउटसोर्स कर्मियों पर आ चुका है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं।

श्रीश्री रविशंकर के जन्मोत्सव में स्वयं उदयपुरा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मन की शांति ही तन का योग सादृश्य यही कहलाता है आर्ट ऑफ लिविंग



सीएम ने श्रीश्री रविशंकर को दीं शुभकामनाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने कभी दुनिया को हथियारों के बल पर जीतने की चेष्ठा नहीं की। हमने विश्वशक्ति नहीं, विश्वगुरु बनने का मार्ग चुना है। हमने हमेशा सबके सुख की कामना की है और वैश्विक कल्याण का नारा दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की शांति ही तन के योग सादृश्य है। जब मन शांत होता है, तभी शरीर सही संतुलन, स्वास्थ्य और सामंजस्य में रहता है। यही आर्ट ऑफ लिविंग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को कर्नाटक राज्य में आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल सेन्टर, उदयपुरा, बैंगलुरू में श्री श्री रविशंकर के 70 वें जन्मोत्सव एवं आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' हमारी संस्कृति का मूल है और श्री श्री रविशंकर इसी संदेश को पूरे विश्व में प्रसारित कर रहे हैं। श्री श्री ने दुनिया के लाखों-करोड़ों लोगों को तनाव से मुक्ति दिलाकर शांत, स्वस्थ और सुखी जीवन का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने श्री श्री रविशंकर से कहा कि वे मप्र की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से उन्हें जन्मोत्सव की अनंत और अशेष मंगलकामनाएं देने स्वयं यहां (उदयपुरा) आए हैं।


### उत्सव की तरह जीने की कला निष्काम कर्मयोग

बीते 7 दशक की श्रीश्री की ऊर्जा और करुणा इस व्यस्त और उथल पुथल के दौर में भी हर दिन नई और चिरयुवा है। सीएम ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग इस विश्व को श्री श्री की देन है। यह सेवा, साधना और शांति का परम संगम है। आर्ट ऑफ लिविंग पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता में बताए गए निष्काम कर्मयोग और जीवन को एक उत्सव की तरह जीने की कला का सहज मार्ग है, एक नव वैश्विक स्वरूप है। आनंद प्राप्त हो रहा है। भारतीय संस्कृति में भाषाओं का गुलदस्ता है।

### बगैर भोजन के 30 दिन तक रह सकते हैं जीवित


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य का भोजन तीन प्रकार का है। बगैर भोजन के 30 दिन तक जीवित रह सकते हैं। पानी हमें 7 दिन तक जिंदा रख सकता है। गुरुदेव श्रीश्री ने हमें प्राण से परमानंद और परमानंद से परमात्मा की ओर जाने का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसारिक जीवन में प्रत्येक मनुष्य का जीवन नियत है। हमारा यह जीवन ऊर्जा और चेतना के साथ प्रकृति से भी जुड़ा रहे।

कार्यक्रम में तेलंगाना राज्य के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, जानकी शुक्ला, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी, उत्तरप्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, फिल्म अभिनेता जैकी श्राफ, एशियन पेंट के मालिक जलस दानी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।



# वेलकम टू द जंगल का नया गाना घिस-घिस...

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच फिल्म का नया गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ है। नए गाने में देखा जा सकता है कि अक्षय भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ डांस कर रहे हैं। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। उनके बाल बड़े हैं और उन्होंने हल्की दाढ़ी रखी है। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह ने गाने पर शानदार डांस किया है। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है।



लाइफ Style

# अनन्या

## चांद मेरा दिल में भरतनाट्यम पर छिड़ी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे की हालिया फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीक्वेंस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, लेकिन शायद उन कारणों से नहीं जिनकी फिल्ममेकर्स ने उम्मीद की होगी। 22 मई को रिलीज हुई फिल्म की एक छोटी क्लिप तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मीम्स, आलोचनाओं और भरतनाट्यम को लेकर अलग-अलग राय की बाढ़ आ गई।


लोग कह रहे हैं कि अनन्या ने क्लासिकल डांस के साथ ये क्या कर दिया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी का किरदार निभा रही हैं, जो इंजीनियरिंग की स्टूडेंट होने के साथ-साथ भरतनाट्यम डांसर भी हैं। इस सीक्वेंस में उन्हें एक डांस करते हुए दिखाया गया है जो देखकर लक्ष्य इंप्रेस हो जाते हैं। जहां कुछ दर्शकों ने इस डांस की तारीफ की, वहीं कई ऑनलाइन यूजर्स ने इसकी कड़ी आलोचना की। यह चर्चा तब और बढ़ गई जब एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह डांस शेयर करते हुए लिखा, 'भरतनाट्यम 200 एडी में ही पतन की ओर चला गया और अनन्या पांडे के साथ 2026 में इसका अंत हो गया।' कई लोगों ने क्लासिकल डांस की मुद्राओं पर भी सवाल उठाया। एक ने लिखा- हमारी संस्कृति का अपमान है ये, मुद्राओं को रोबोटिक कर दिया है। पोस्ट तेजी से वायरल हो गई और लोगों के रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई। एक ने कमेंट किया- भरतनाट्यम का विकास हो गया है। दूसरे ने लिखा- वे अनन्या पांडे के डांस करने की क्षमता को छिपाने की इतनी कोशिश कर रहे हैं कि अब तो यह बहुत शर्मनाक लगता है। एक यूजर ने मजाक में कहा- क्या कोई उस हीरो की नब्ज चेक कर सकता है? आलोचना यहीं नहीं रुकी।

हॉलीवुड मसाला



# फिर से लौट रहा हाउस ऑफ द ड्रैगन...

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ मैक्स ने एक टीजर वीडियो के जरिए प्लेटफॉर्म ने अपने बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक दिखाई, जिसमें पुराने हिट शोज की वापसी, नई फ्रेंचाइज और कई दिलचस्प ओरिजिनल कंटेंट शामिल हैं। यह साफ है कि एचबीओ मैक्स आने वाले साल में बड़े पैमाने पर एंटरटेनमेंट देने की तैयारी में है। सबसे बड़ी खबर हाउस ऑफ द ड्रैगन के तीसरे सीजन की है, जो 21 जून को रिलीज होगा। इस सीजन में टार्गेरियन परिवार की सत्ता की लड़ाई और भी तेज होती दिखाई देगी, जो पहले से ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है।



# जेम्स बॉन्ड के दौड़ में कभी था ही नहीं : एल्बा

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर जासूस जेम्स बॉन्ड पर बनी फिल्मों में अब तक कई अभिनेताओं ने मुख्य किरदार निभाया है। अब बॉन्ड पर बन रही अगली फिल्म में मुख्य किरदार की कास्टिंग को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। शुरुआत में खबर सामने आई कि इस फिल्म में भी जेम्स बॉन्ड का किरदार डेनियल क्रेग ही करेंगे, पर उन्होंने इससे इंकार कर दिया। फिर सुनने में आया कि लूथर, हैड ऑफ स्टेट और थॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके इदरीस एल्बा को बॉन्ड का रोल ऑफर हुआ है। अब इस बारे में उन्होंने बयान जारी कर सफाई दी है। एक इवेंट के दौरान एल्बा ने भी इन अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसी किसी फिल्म का हिस्सा नहीं हूं। टीम युवा कलाकारों को खोज रहे हैं। मेरी तरफ से इस प्रोजेक्ट को ढेर सारी शुभकामनाएं।



# करिश्मा ने पुलिसिया अंदाज में की वापसी


**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर आखिरी बार 2024 में 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थी। एक समय अपने रोमांटिक किरदारों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अब 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। इस वेबसीरीज का टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिससे एक्ट्रेस के फैंस काफी खुश हैं। वेब सीरीज 'ब्रउन' में अभिनेत्री करिश्मा कपूर पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी। टीजर के मुताबिक वह रीटा ब्राउन का किरदार निभाएंगी। जो एक ईमानदार पुलिस अधिकारी है। इसके साथ ही वह एक बहुत ही गंभीर केस की जांच कर रही है। अपने व्यक्तिगत जीवन में वह कई समस्याओं से जूझ रही है। मगर वह अपने फर्ज को शिद्दत से निभाती है। वेब सीरीज 'ब्राउन' की कहानी मुख्य रूप से उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। जिसे 2016 में अभेक बरुआ ने लिखा था।



# कॉकटेल-2 का गाना तुझको रिलीज...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का नया गाना 'तुझको' सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। यह एक सोलफुल और भावुक रोमांटिक ट्रैक है जो रिलीज होते ही लोगों के दिलों में उतरता दिख रहा है। रश्मिका मंदाना ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'बहुत सारे प्यार और भावनाओं से भरा यह खूबसूरत गाना दिल को छू लेने वाला है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह गाना बेहद पसंद आया और उम्मीद है कि आप सभी को भी यह उतना ही पसंद आएगा।' 'कॉकटेल 2' के इस गाने में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फ्रेस केमिस्ट्री देखने को मिलती है। स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बेहद सहज, सुंदर और प्रभावशाली नजर आ रही है।

टीवी मसाला




# असली भाई थे महाभारत के नकुल और सहदेव...

**नई दिल्ली।** 'महाभारत' न केवल अपनी कहानी कहने की कला के लिए, बल्कि असल जिंदगी के भाइयों समीर चित्रे और संजीव चित्रे को नकुल और सहदेव के रूप में कास्ट करने के लिए भी जाना जाता है, जो शो में अहम किरदार थे। बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे बड़े शोज में से एक है। इस शो में नकुल और सहदेव सबसे छोटे पांडव भाई थे और उन्हें बहुत करीबी दिखाया गया था। कम ही लोग जानते हैं कि इन किरदारों को निभाने वाले एक्टर समीर चित्रे (नकुल) और संजीव चित्रे (सहदेव) असल जिंदगी में भी भाई हैं। पर्दे पर उनका रिश्ता पर्दे के बाहर उनके असली रिश्ते से उपजा था, जिससे उनके सीन्स और भी अधिक सच लगते थे। संजीव ने एक बार बताया कि उनकी कास्टिंग एक सिंपल, लेकिन दिलचस्प तरीके से हुई थी। 'महाभारत' के मेकर्स ने पहले नकुल के रोल के लिए समीर चित्रे से संपर्क किया और फिर उनसे पूछा कि क्या उनके छोटे भाई को भी अभिनय में रुचि होगी। परिवार से सहमति मिलने और संजीव से मिलने के बाद, उन्होंने दोनों भाइयों को नकुल और सहदेव के रोल में कास्ट करने का फैसला किया। 'महाभारत' के बाद, समीर चित्रे ने कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया। उन्हें आमिर खान और पूजा भट्ट की हिट फिल्म दिल है कि मानता नहीं (1991) के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। वह शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म राजू बन गया जेंटलमैन (1992) में भी दिखाई दिए।

## बेहद फिल्मी है कांची की लव स्टोरी

**नई दिल्ली।** कांची कौल की गिनती टीवी की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में होती है। उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग जगह बनाई है। कांची तेलुगु सिनेमा की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई बेहतरनी फिल्मों में काम किया है। कांची की पहली मुलाकात साल 2007 में टीवी शो भाभी के सेट पर शब्बीर से हुई थी, लेकिन उस वक्त दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। बाद में कांची की शब्बीर से पहली मुलाकात टीवी क्वीन एकता कपूर ने करवाई थी। शुरुआत दोस्ती से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्होंने अपने रिश्ते को काफी समय तक दुनिया की नजरों से दूर ही रखा। कांची और शब्बीर ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला लिया। उन्होंने 27 नवंबर 2011 को धूमधाम से शादी रचाई।



# जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी में भाग्यश्री, रितेश देशमुख की मां यानी राजमाता जिजाबाई का किरदार निभा रही हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों के बीच सिर्फ 10 साल का उम्र का फर्क है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब भाग्यश्री ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि इस किरदार के लिए हां कहना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब आपको ऐसा किरदार निभाने का मौका मिले, जिसकी कहानियां सुनते हुए आप बड़े हुए हों, तो उसे मना करने का सवाल ही नहीं उठता। और वैसे भी जिजाऊ एक युवा मां थीं।' भाग्यश्री ने आगे बताया कि फिल्म के सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन ने उन्हें खास कॉम्प्लिमेंट भी दिया था। उन्होंने कहा, संतोष सिवन सर ने मुझे फोन करके कहा था, सॉरी, हमें कैमरे के जरिए आपको थोड़ा ज्यादा उम्र का दिखाना पड़ा, क्योंकि आप अब भी बहुत यंग लगती हैं। मेरे लिए यह बहुत बड़ा कॉम्प्लिमेंट है। आखिर वह महान



सिनेमैटोग्राफर हैं।'एक्ट्रेस ने साफ कहा कि उनके लिए यह किरदार निभाना किसी ऐतिहासिक और महान शख्सियत को सम्मान देने जैसा है। वह उम्र के फर्क पर ध्यान देने के बजाय राजमाता जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं। 1 मई को रिलीज हुई 'राजा शिवाजी' में शानदार स्टारकास्ट देखने को मिल रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि संजय दत्त अफजल खान का किरदार निभा रहे हैं। अभिषेक बच्चन फिल्म में संभाजी शाहजी भोसले बने हैं और विद्या बालन खदीजा सुल्ताना की भूमिका निभा रही हैं। वहीं जेनेलिया डिसूजा सईबाई, भाग्यश्री जिजाबाई और फरदीन खान शाहजहां के रोल में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, अमोल गुप्ते और बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि फिल्म में सलमान खान का स्पेशल अपीयरेंस भी देखने को मिलेगा।

# मीनाक्षी 30 साल बाद कर रहीं एक्टिंग में कमबैक कहा- चाहिए प्रभावशाली और चुनौतीपूर्ण रोल

**नई दिल्ली।** 80 और 90 के दशक के बीच सिनेमा की दुनिया की चहेती एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्री एक बार फिर से फिल्मों में वापसी की तैयारी कर रही हैं। घायल वन्स अगेन (2016) में निभाए छोटे से रोल को छोड़ दें तो मीनाक्षी बरसों से फिल्मों की दुनिया से दूर रह रही हैं। हालांकि, अब वो एक्टिंग में वापसी को लेकर काफी सीरियस नजर आ रही हैं। मीनाक्षी ने हाल ही में फैन्स के साथ एक भावुक संदेश शेयर किया है और बताया है कि वह फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नए अवसरों की तलाश में हैं। हिंदी सिनेमा की नामी अदाकारा मीनाक्षी शेषाद्रि अभिनय की दुनिया में एक बार फिर से कदम रखने जा रही हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए न सिर्फ



अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया, बल्कि फिल्म मेकर्स के सामने काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'आप सभी के प्यार, हौसले और लगातार मिल रहे सपोर्ट के लिए तहेदिल से धन्यवाद देती हूं। 30 साल लंबे सफर के बाद मैं अपनी कर्मभूमि मुंबई वापस आ गई हूं। एक बार फिर, पूरी उम्मीद है कि जुनून और पॉजिटिव सोच के साथ मैं मनोरंजन की दुनिया में कदम रख रही हूं।' एक्ट्रेस ने बातचीत में ये भी साफ किया कि वे अब अच्छे और अर्थपूर्ण काम के अवसरों का इंतजार कर रही हैं। किरदारों को लेकर अपनी पसंद बताते हुए उन्होंने कहा, 'चाहे लीड रोल हो या सपोर्टिंग रोल या फिर कोई छोटा सा रोल, मेरे लिए सबसे जरूरी यह है कि वह प्रभावशाली हो। फिल्में हों या ओटीटी शो, मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दें।' बता दें कि मीनाक्षी शेषाद्रि अपने पति हरीश मैसूर के साथ लंबे समय से अमेरिका के डलास (टेक्सास) में रह रही हैं। वहां उनका अपना घर भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक मीनाक्षी अमेरिका में अपना खुद का डांस स्कूल भी चला रही थीं।

## जॉली एलएलबी 3 से कजिंस एंड कल्याणम्स तक

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। गर्मियां अपना प्रचंड रूप दिखा रही हैं। गर्मी का भयंकर रूप देख अगर कहीं बाहर घूमने का प्लान नहीं बना पा रहे और घर बैठे कुछ बढ़िया सिनेमा देखने को मन है, तो इस वीक कई अच्छे ऑप्शन हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में दिलचस्प फिल्में और सीरीज हैं।*

**ब्रदर्स एंड सिस्टर्स** : यह एक तमिल फैमिली ड्रामा सीरीज है। इस शो में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सस्पेंस ड्रामा सीरीज है, जो मजेदार पारिवारिक पृष्ठभूमि के ईर्द-गिर्द बनी है। यह सीरीज 27 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**जॉली एल एल बी 3** : अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत इस कॉमेडी फिल्म की ओटीटी रिलीज का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसके बाद यह ओटीटी पर भी रिलीज हुई। मगर, अब नया अपडेट यह है कि इस फिल्म को एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दर्शक 29 मई से इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कजिंस एंड कल्याणम्स** : यह एक मलयालम रोमांटिक-कॉमेडी वेब सीरीज है। इसके 50 से अधिक एपिसोड्स हैं, जो केरल में छह चचेरे भाई-बहनों की 26 साल की यात्रा और सात शादियों की कहानी पर आधारित हैं। प्रिया प्रकाश वारियर और रोशन अब्दुल राहुफ इस सीरीज में मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा जुनैस, नंदना वर्मा और सुबिन टार्जन भी सीरीज का हिस्सा हैं। इसे दर्शक 29 मई से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**स्पाइडर नोयर सीजन 1**

हॉलीवुड स्टार निकोलस केज की सीरीज 'स्पाइडर नोयर' के पहले सीजन का प्रीमियर भी इस वीक होगा। आठ एपिसोड वाली मार्वल सीरीज में निकोलस केज मुख्य भूमिका में हैं, जो 1930 के दशक के न्यूयॉर्क में एक प्राइवेट डिटेक्टिव बने पुराने सुपरहीरो की कहानी है। यह एक्शन सीरीज 27 मई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**जेटली** : तेलुगु कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'जेटली' 25 मई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इसकी कहानी प्रजापति (अजय) से शुरू होती है, जो एक ठग और बैंक का संस्थापक है। वह ग्राहकों के पैसे का गबन करके दुबई भाग जाता है। इसमें सत्या, रिया सिंघा, वेन्नेला किशोर और अजय ने अभिनय किया है।

**कारा** : धनुष और ममिता बैजू की अदाकारी वाली फिल्म 'कारा' 28 मई को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह तमिल फिल्म 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान हुए ईंधन संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी करसामी (धनुष) नाम के एक सुधरे हुए चोर के इर्द-गिर्द घूमती है। उसे तब अपने आपराधिक अतीत में वापस लौटना पड़ता है, जब एक बेरहम बैंक मैनेजर और एक भ्रष्ट डीएसपी मिलकर उसके परिवार की पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेते हैं।